# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# <u>हिन्दुस्तान कॉलेज के वार्षिकोत्सव ज्ञान ज्योति 2018 का समापन समारोह</u>

**मुख्य अतिथि माननीय डॉ. दिनेश शर्मा उप–मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि बल्देव क्षेत्र के विधायक श्री पूरन प्रकाश एवं गोवर्धन क्षेत्र के विधायक ठा. कारिन्दा सिंह रहे।**

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी में तीन दिवस से चल रहे वार्षिकोत्सव ज्ञान ज्योति 2018 का समापन समारोह सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि मुख्य माननीय डॉ. दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि बल्देव क्षेत्र के विधायक श्री पूरन प्रकाश एवं गोवर्धन क्षेत्र के विधायक ठा. कारिन्दा सिंह रहे।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी. के. शर्मा ने सभी छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम सफलता एवं शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी तथा छात्रों से अपनी पूर्व ऊर्जा के साथ पुनः अध्ययन कार्य में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके छात्रों पर निर्भर करता हैं। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों का एकाग्रता एवं निरंतर कठिन परिश्रम के साथ भविष्य की योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए आवाहन किया।

शारदा ग्रुप के चेयरमैन श्री पी. के. गुप्ता ने अपने सम्बोधन में उप–मुख्यमंत्री जी को उत्तर प्रदेश में नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए साधुवाद दिया। और बताया कि तकनीकी क्षेत्र में भारत ने विश्व में अपना एक स्थान प्राप्त किया है तथा इस क्षेत्र में अभी भी विकास की अपार सम्भावनायें हैं। छात्र–छात्राओं को तकनीक को गाँव–गाँव तक पहुँचाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

शारदा ग्रुप के वाइस–चेयरमैन श्री वाई. के. गुप्ता ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और शारदा शिक्षण संस्थान के स्थापना काल से लेकर के अभी तक के शैक्षणिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि छात्र/छात्राओं को कठिन परिश्रम से भविष्य में सफलता प्राप्त करने के अनेक मंत्र दिये। उन्होंने छात्रों को बधाई दी एवं कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों के अन्दर प्रबन्धन की विधा विकसित होती है जिससे वह अपनी असल जीवन में सफलता हासिल कर सकें। देश को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए नई तकनीकीयों का विकास करते रहें। उन्होंने बताया कि शारदा विश्वविद्यालय भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है। हमारा यह प्रयास है कि विश्व के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में अपना स्थाना सुनिश्चित करें।

बल्देव क्षेत्र के विधायक श्री पूरन प्रकाश सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे गर्व है कि मैं उस क्षेत्र का प्रतिनिधुत्व करता हूँ जहाँ पर शारदा शिक्षण संस्थान के अग्रणी कॉलेज हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी जैसे कॉलेज स्थापित हैं और यह कॉलेज विगत वर्षो से तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपना परचम फैला राह है।

मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री श्री डॉ. दिनेश शर्मा जी ने संस्थान में आये अव्वल छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन राशि वितरित किये। उनके द्वारा प्रमाणपत्र पाने वाले छात्र सिविल विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र दीपेन्द्र कुमार दीक्षित, बायोटेक विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान खेतान, तृतीय वर्ष की छात्रा पूर्वी गोयल, कैमीकल विभाग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा हिमांशी राठौर रहे।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आयोजकों एवं क्षेत्रीय विधायकों का धन्यवाद करते हुये कहा कि हिन्दुस्तान कॉलेज के छात्र बहुत ही प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान हैं। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के बहुत सारे अनुभव छात्रों के साथ साझा किये। उन्होंने अब्दुल कलाम के उस वक्तव्य को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया कि हमें सपने देखने चाहिए तथा उनकों पूरा करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा को एकत्रित कर उनको पूरा करने में लगाना चाहिए। आज विश्व बहुत तेजी से बदल रहा है। ऐसे में हमें बड़ी सोच–समझकर नई तकनीकी का प्रयोग करना है तथा अपनी संस्कृति को सहेजकर रखना है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की

पहचान संस्थान में शिक्षकों की गुणवत्ता से है और किसी भी संस्थान को इस पर कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स विभाग में कौशल विकास लैब का उद्घाटन किया। जिसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत क्षेत्रीय युवाओं को तकनीकी आधारित रोजगार परख शिक्षा प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा नकल को शिक्षा जगत से पूरी तरह मुक्त कर शिक्षा को शिक्षामाफियाओं के चुंगल से हटाने के लिए दृण संकल्पित है। उन्होंने बताया कि भारतीय छात्र विदेशों में भी अपने ज्ञान व कौशल के परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने छात्रों को विद्यावान बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि एक शिक्षक को अनवरत अध्ययन करते रहना चाहिए और बताया कि आगामी सत्र से उत्तर प्रदेश बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को लागू कर दिया जायेगा जिससे कि छात्रों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त हो सके तथा डिग्री पूर्ण होने पर उनको उपयुक्त रोजगार मिल सके। हमारी सरकार का एक ही लक्ष्य है कि देश का विकास हर क्षेत्र में होना चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष श्री मुनीष खन्ना ने बताया कि लगभग 2000 से अधिक छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी एवं अव्वल रहे प्रतियोगियों के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण की घोषणा कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के डीन डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह ने किया तथा आयोजन समिति, उसके समन्वयकों एवं चेयरमैन्स को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दीं। संस्थान के समस्त छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकगण व कर्मचारियों की उनके कठिन परिश्रम एवं योगदान के लिए भूरि–भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर विशेष आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों में डाबर ग्रुप के चेयरमैन श्री पूरन डाबर, अलीगढ़ विजडम पब्लिक स्कूल्स के चेयरमैन श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, शारदा ग्रुप के शोध एवं विकास सलाहकार डीजीरॉय चौधरी, एचआईटीएम के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, शारदा ग्रुप के एच.आर. निदेशक श्री

केजीएस चौहान, दीन दयाल धाम के निदेशक श्री राजेन्द्र सिंह, श्री गौरव सौनभद्र, श्री मनीष गुप्ता, डीन टी एण्ड पी श्री सुदीप्तो चौधरी, डीन अकेडमिक प्रो. पी. एस. जॉसन, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. संजय जैन, डॉ. एम.एस. गौर, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. वी. के. गुप्ता, डॉ. सी. एन. त्रिपाठी, निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. राजेश कहरवार, श्री कपिल गुप्ता, डॉ. आर. के. तिवारी, डॉ. सुरूचि, डॉ वाई. सी. धोटे, श्री मुनीश खन्ना, श्री शंकर ठाकर, श्री प्रमोद कुमार, श्रीमती रिचा कपूर, हॉस्टल के समस्त वॉर्डन्स सहित सभी विभागों के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्रायें आदि उपस्थित थे।